# नमूना प्रश्नपत्र

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :**

1 ) जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ साथ सुख समृद्धि भी देते हैं | विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है | अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन करें तथा यह खेल भविष्य में आपको कैसे लाभान्वित कर सकता है , निबंध में अपनी भविष्य की योजनाएँ भी बताइए |

2 ) 'परोपकार की भावना लोक कल्याण से पूर्ण होती है | ' हमें भी परोपकार से भरा जीवन ही जीना चाहिए | विषय को स्पष्ट करते हुए अपने विचार लिखिए |


3 ) आज का जागरूक भारत |

4 ) निम्नलिखित विषय पर मौलिक कहानी लिखिए -

कहानी का अंतिम वाक्य होगा -

" ----------- **चढ़ते सूरज को सब सलाम करते हैं |**

5 ) **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा चित्र को आधार बनाकर , उसका परिचय देते हुए कोई लेख ,घटना अथवा कहानी लिखिए ,जिसका सीधा व् स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए** |




QUESTION 2

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए :

1) आपका छोटा भाई किसी दूसरे शहर में पढ़ने गया है , वहाँ वह खेलने के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है | खेलों का महत्त्व समझाते हुए उसे एक पत्र लिखें |

**अथवा**

2) विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने की आवश्यकता समझाते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखें |

**QUESTION 3**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताइए :**

**1 'जंगल '** का पर्यायवाची बताइए |

A ) कनक B ) विपिन C ) वीरप D) सलिल

**2 निर्मल** का विलोम शब्द बताइए |

A ) अपमान B ) चेतन C ) मलिन D ) उत्थान

**3** अनेक शब्दों के स्थान पर **एक शब्द** लिखिए |

**शेर मॉस खाने वाला प्राणी है |**

A ) मांसाहारी B ) शाकाहारी C ) सर्वाहारी D ) फलाहारी

**4** भाववाचक संज्ञा बताइए |

**'बच्चा** 'शब्द का भाववाचक संज्ञा क्या होगा ?

A ) बच्चाकाना B ) बचपन C ) बचकाना D ) बाल्य

**5** संज्ञा बदलें |

**रचयिता** का स्रीलिंग रूप क्या होगा ?

A ) रचयित्री B ) रचित्री C ) रचयात्री D ) रचियता

**6** अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए |

**बच्चों , शांत बैठो |**

A ) आज्ञावाचक B ) इच्छावाचक C ) संकेतवाचक D ) विधानवाचक